भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या *225**
**04 अगस्त, 2026 को उत्तर के लिए**

**स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड में पंजीकृत ट्रेड यूनियन**

*225. **श्री बिद्‌युत बरन महतोः**
**श्री दिनेशभाई मकवाणाः**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएआईएल) की प्रत्येक इकाई में कितने श्रमिक संघ पंजीकृत हैं;
(ख) एसएआईएल की प्रत्येक इकाई में उक्त पंजीकृत श्रमिक संघों के सदस्यों की संख्या कितनी है;
(ग) एसएआईएल और इसके इकाई प्रबंधन द्वारा वार्ता हेतु श्रमिक संघ के चयन का ब्यौरा और प्रक्रिया क्या है; और
(घ) एसएआईएल की इकाइयों में श्रमिक संघ की सदस्यता से संबंधित सत्यापन पिछली बार किस वर्ष किया गया है?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री** **(श्री एच. डी. कुमारास्वामी)**

(क) से (घ): विवरण लोक सभा के पटल पर रख दिया गया है।

******

**" स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड में पंजीकृत श्रमिक संघ" के संबंध में श्री बिद्युत बरन महतो, संसद सदस्य एवं श्री दिनेशभाई मकवाणा, संसद सदस्य द्वारा दिनांक 04 अगस्त, 2026 को उत्तर के लिए प्रस्तुत किए गए लोक सभा तारांकित (*) प्रश्न संख्या *225 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

(क) से (घ): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में 64 पंजीकृत श्रमिक संघ हैं जिनमें गैर-कार्यकारी कर्मचारी शामिल हैं, जिनकी संख्या दिनांक 01.07.2026 तक लगभग 38,694 है। श्रमिक संघ सदस्यता का सत्यापन संबंधित इकाइयों द्वारा समय-समय पर लागू कानूनों और दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है, जिसमें श्रमिक संघ अधिनियम, 1926 और औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 शामिल हैं, जो अब औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 में समाहित है। इस तरह का सत्यापन राउरकेला इस्पात संयंत्र, सेलम इस्पात संयंत्र और विश्वेश्वरैया लौह एवं इस्पात संयंत्र में वर्ष 2024, भिलाई इस्पात संयंत्र में वर्ष 2022 और दुर्गापुर इस्पात संयंत्र में वर्ष 2015 में किया गया था।

संयंत्र/इकाई स्तर पर श्रमिक संघों की मान्यता संबंधित क्षेत्रीय श्रम प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किए जाने वाले सत्यापन की प्रक्रिया के आधार पर होती है।

******